<u>कार्यवाही</u>

पूर्व सूचना के अनुसार आज दिनांक 26.08.2013 दिन सोमवार को महंथ महादेव भारती विकास संस्थान, नसीरपुर मठ, कोटवा नारायणपुर, बलिया (उ0प्र0) की एक आवश्यक बैठक संस्थान के कार्यालय पर प्रातः 10:00 बजे से अध्यक्ष नरसिंह नारायण भारती की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक का कोरम पूर्ण रहा–

1.	महंथ नरसिंह नारायण भारती	अध्यक्ष	ह0 अपठनीय
2.	श्री रविन्द्र नाथ राय	उपाध्यक्ष	"
3.	डा0 ओम प्रकाश सिंह	सचिव/प्रबन्धक	"
4.	श्रीमती मधु	कोषाध्यक्ष	"
5.	श्री श्यामनारायण पाण्डेय	सदस्य	"
6.	श्री दिलीप कुमार सिंह	सदस्य	"
7.	श्रीमती राधिका	सदस्य	"
8.	श्री शशि प्रकाश सिंह	सदस्य	"
9.	श्री ब्रजेश कुमार	सदस्य	"

<u>प्रस्ताव सं0–1</u>

पिछली कार्यवाही की पुष्टि पर विचार।	पिछली कार्यवाही को पढ़कर उपस्थित सदस्यों एवं पदाधिकारियों के समक्ष सुनायी गयी, उसकी पुष्टि की गई।

<u>प्रस्ताव सं0–2</u>

फार्मेसी कालेज खोलने पर विचार।	समिति के अध्यक्ष महंथ नरसिंह नारायण भारती ने उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों के समक्ष यह प्रस्ताव रखा कि विगत वर्ष 2012–13 में क्षेत्रीय जनता एवं गड़हांचल के विशिष्ट लोगों के द्वारा संस्थान से यह बार–बार अनुरोध किया जा रहा है कि क्षेत्र के लड़के–लड़कियों के लिए रोजगार परक शिक्षा की व्यवस्था की जाय, जिसमें फार्मेसी कालेज खोलने की बात कही जा रही है, उसी को ध्यान में रखकर अध्यक्ष महंथ नरसिंह नारायण भारती ने कार्यकारिणी के सामने यह प्रस्ताव रखा कि महंथ महादेव भारती विकास संस्थान नसीरपुर मठ, कोटवा नारायणपुर, बलिया के नाम गाटा सं0–84 में 2.034 एकड़ जमीन 30 वर्ष के

लिए लीज है, उसी को फार्मेसी कालेज बनाने हेतु दे दिया जाय और फार्मेसी कालेज का नाम एम0एन0बी0 मेमोरियल कालेज ऑफ फार्मेसी रखा जाय।

सर्वसम्मति से प्रस्ताव को करतल ध्वनि से स्वागत करते हुए सभी उपस्थित पदाधिकारियों/सदस्यों ने इस प्रस्ताव को बहुमत से पास कर दिया गया।

प्रस्ताव सं0–3

फार्मेसी कालेज का भवन एवं अन्य कागजी कार्य पूर्ण करने के सम्बन्ध में।

संस्था के उपाध्यक्ष श्री रवीन्द्र नाथ राय ने यह प्रस्ताव रखा कि फार्मेसी कालेज से सम्बन्धित सभी कागजी कार्यवाही सचिव/प्रबन्धक डॉ0 ओमप्रकाश सिंह को दिया जाय। साथ ही भवन निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू करायी जाय और समय रहते इसे भी पूरा करा लिया जाय, क्योंकि क्षेत्रीय जनता एवं सम्भ्रान्त नागरिकों का संस्था के प्रति भरपूर सहयोग प्राप्त है।

सभी सदस्यों ने करतल ध्वनि से इसका स्वागत किया और प्रस्ताव को पास कर दिया गया।

अन्य कोई प्रस्ताव न आने के उपरान्त बैठक की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

सत्यप्रतिलिपि